हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 25 मई 2026



# वनांचल से लाखों के सागौन की महाराष्ट्र तस्करी, डिप्टी रेंजर-बीट गार्ड सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के देववाड़वी सर्किल के टाटेकसा कक्ष क्रमांक 751 के फॉरेस्ट जंगल से लाखों रुपए मूल्य का सागौन बीट में तैनात फॉरेस्ट कर्मचारियों की आंख के सामने से महाराष्ट्र पार हो गया। मामले के उजागर होने के बाद जंगल से बैखौफ होकर बेहद संख्या में काटे गए सागौन और अन्य प्रजाति के विशालकाय वृक्षों के अंधाधुंध कटाई में शामिल पाए जाने पर डीएफओ दिनेश पटेल ने बेहद कड़ा रूख अपनाते डिपार्टमेंट के डिप्टी रेंजर, बीटगार्ड को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

इस कार्रवाई के बाद जिले के फॉरेस्ट अमले में हड़कम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार अंबागढ़ चौकी वन परिक्षेत्र के देववाड़वी सर्किल स्थित टाटेकसा कक्ष क्रमांक 751 में लगभग 13 लाख मूल्य का सागौन लकड़ी तस्करों ने महाराष्ट्र पार कर दिया है। टाटेकसा संरक्षित जंगल से इमारती लकड़ियों की तस्करी किए जाने का मामला सामने आने के बाद डीएफओ दिनेश पटेल ने मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि जंगल से कल 68 नग सागौन व मिश्रित प्रजाति की विशाल का पेड़ की कटाई कर तस्कर जंगल से बैखौफ होकर लठ्ठा महाराष्ट्र पार कर गए। इस मामले में डिप्टी रेंजर पुरुषोत्तम सिंह भलावी, बीटगार्ड खेमचंद देशलहरा को निलंबित कर विभागीय जांच की जा रही है।

## एमएमसी जिले से लगभग 13 लाख मूल्य की सागौन लकड़ी पार, डीएफओ ने लिया सख्त एक्शन

### कीमती पेड़ों की कटाई

जांच प्रतिवेदन के मुताबिक देववाड़वी उपपरिक्षेत्र के टाटेकसा जंगल से 53 नग सागौन के पेड़ 15 मिश्रित प्रजाति कुल 68 नग विशालकाय पेड़ों की कटाई कर तस्करी कर ली गई है। डीएफओ दिनेश पटेल ने हरिभूमि को बताया कि मौके पर तस्करों द्वारा छोड़े गए लगभग 10 घनमीटर सागौन लकड़ी बरामद किया गया है। इसके अलावा तस्करी की गई एक-एक पेड़ एक-एक लाख रुपए का आंकलन किया गया है।



### वन अधिनियम के तहत कार्रवाई!

विभागीय जांच में सामने आया कि टाटेकसा जंगल में वृक्षों की तस्करी के लिए मोटर साइकिल क्रमांक एमएच-33-एच-7948 में सवार होकर जिले में प्रवेश किए। 22 मार्च को जंगल में आग बुझाने के दौरान लकड़ी काटने मशीन की आवाज पर संबंधित डिप्टी रेंजर और बीटगार्ड उक्त जगह पर पहुंचे, परंतु तस्कर मोटर साइकिल छोड़कर फरार हो गए। विधिवत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना देने के बजाय डिप्टी रेंजर पुरुषोत्तम सिंह भलावी, बीटगार्ड खेमचंद देशलहरा हाथ में हाथ धरे बैठे रहे। इस प्रकरण में प्रथम दृश्य दोनों की भूमिका संदिग्ध होने पर उन्हें निलंबित कर पूरे मामले की विभागीय जांच की जा रही है।

### 53 सागौन लकड़ी

विभाग प्रमुख दिनेश पटेल ने जानकारी देते बताया कि कुल 13 लाख रुपए की इमरती लकड़ी के काटने का आंकलन हुआ है। जिसमें 53 नग सागौन के वृक्ष तथा 15 मिश्रित प्रजाति के पेड़ काटे गए हैं। जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है। तस्करों को जल्द ही फॉरेस्ट अमला बेनकाब करेगी।




## खबर संक्षेप

### घर का ताला तोड़कर नगदी रकम की चोरी



**राजनांदगांव।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में घर का ताला तोड़कर नगदी रकम की चोरी अज्ञात चोरों ने कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भगत सिंह चौक वार्ड क्रमांक 19 निवासी प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत रात्रि अज्ञात चोरों ने घर के सामने के दरवाजे में लगे ताला को तोड़कर घर के अंदर के सामान को बिखेरकर आलमारी में रखे कुल 60 हजार रुपए को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया।

घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इधर चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परमालकसा कोलकीपारा निवासी प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत रात्रि अज्ञात चोरों ने आलमारी के अंदर लॉकर में रखे 75 हजार रुपए को अज्ञात चोरों ने घर में प्रवेश कर चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### बीमारी का बहाना बनाकर की ठगी

**राजनांदगांव।** सोशल मीडिया में दोस्ती करने के बाद छात्र से अनावेदिकाओं ने बीमारी का बहाना बनाकर तीन लाख रुपए की ठगी कर ली।

घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ओम सोनकर 21 वर्ष नंदई निवासी ने आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसकी दोस्ती अनावेदिका से इंस्टाग्राम के माध्यम से अप्रैल वर्ष 2024 को हुआ था। परिचय होने के बाद मोबाइल में कॉल व मैसेज के माध्यम से बातचीत करना प्रारंभ किया। लगातार बातचीत कर उससे अच्छा परिचय हो गया, तब अपनी झूठी परेशानी ब्लड कैंसर, माईग्रेन व अन्य बीमारियों से ग्रसित बताया तथा स्वयं को परिवार की बड़ी बहन, माता से प्रताड़ित होना बताया व भावनात्क बातों से अलग-अलग समय कुल मिलाकर तीन लाख रुपए की राशि खातों में ऑनलाइन पेमेंट डलवाकर ठगी कर चुकी है।

राशि की मांग करने पर झूठा आरोप लगाकर जेल भेजने की धमकी दी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## अंचल का तापमान 46 डिग्री पर, प्रदेश में सबसे गर्म शहर राजनांदगांव

# आज से नौतपा, हीटवेव का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तर-पश्चिम से आ रही गर्म हवाओं की वजह से अंचल में तापमान अपने चरम पर पहुंच गया है। हालात यह है कि सबसे गर्म शहरों की सूची में राजनांदगांव देश के शीर्ष शहरों में शामिल हो गया है। वहीं प्रदेश में गर्मी के मामले में राजनांदगांव पहले पायदान पर है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार नौतपा में भी इस तपती गर्मी से राहत मिलने के आसार कम है। तापमान में गिरावट की संभावनाएं नहीं दिख रही है। ऐसे में लोगों को अगले और कुछ दिन गर्मी से जूझना पड़ सकता है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में लू को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि मई माह में भीषण गर्मी का दौर जारी है। इस बीच कल 25 मई से नौतपा प्रारंभ हो रहा है। इस दौरान गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखाने के आसार है। अंचल के किसानों से लेकर आम लोगों की पैनी नजर नौतपा पर बनी रहेगी। ऐसी मान्यताएं है कि नौतपा के दौरान जितना अधिक गर्मी पड़ती है, उतनी ही बेहतर बारिश होने की संभावना रहती है। पंचांग के मुताबिक ज्येष्ठ माह में जब सूर्यदेव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, इस अवधि को नौतपा कहा जाता है। 25 मई से प्रारंभ हो रहा नौतपा का समापन 2 जून को होगा। ज्ञात हो कि मई माह प्रारंभ होते ही गर्मी का मौसम अपना प्रभावी रूप से अहसास करा रही है। तापमान 46 डिसे तक पहुंच रहा है। नौतपा के दौरान गर्मी प्रचंड रूप में रहने का अनुमान लगाया जा रहा है।



### दोपहर को सन्नाटा

मई माह में लगातार बढ़ रही गर्मी ने शहर सहित ग्रामीण इलाकों में दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है। सुबह से लेकर देर रात तक गर्म हवाओं के थपेडों से लोग बेचैन होने लगे हैं। घर-दफ्तरों में गर्मी से राहत पाने कूलर-एसी का उपयोग किया जा रहा है। इधर राहगीर छांव में कुछ देर विश्राम करते नजर आने लगे हैं। कुछेक स्थानों पर समाजसेवियों द्वारा आमजन के लिए शीतलपेय उपलब्ध करने के लिए प्याऊ घर खोला गया है, जहां से लोग शीतलपेय ग्रहण कर प्यास बुझाते नजर आने लगे हैं। शाम होने के बाद खुले स्थानों, शहर के पार्कों में देर शाम तक लोग गर्मी से राहत पाने टहलते देखे जा रहे हैं।

### मौसम पर किसानों की नजर

इधर मौसम में आमजनों सहित अंचल के किसानों की पैनी नजर बनी हुई है। किसानों के बीच ऐसी मान्यताएं है कि नौतपा के दौरान जितना अधिक गर्मी पड़ेगा, उतना ही बेहतर बारिश होगी। किसानों ने नौतपा से पूर्व ही किसानी संबंधी प्रारंभिक कार्य खेतों की साफ-सफाई, मेड़ों को व्यवस्थित करने के साथ ही मवेशियों के लिए चारा इत्यादी की व्यवस्था में जुट गए हैं। वहीं खाद-बीज की व्यवस्था करने इन दिनों व्यस्तता बनी हुई है।

### मानसून दस्तक का इंतजार

भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए अब लोगों को बेसब्री से मानसून की दस्तक का इंतजार होने लगा है। उम्मीद जताई जा रही है कि 10 जून तक अंचल में मानसून दस्तक दे सकता है। बहरहाल भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। वह भी तेज धूप और गर्मी से बचने का साधन भी उपयोग कर रहे हैं।

### राहत की संभावनाए कम

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसर अंचल में उत्तर पश्चिम से आने वाली शुष्क और गर्म हवा के प्रभाव के कारण अधिकतम तापमान बढ़ा हुआ है। अभी इसमें विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। यही कारण है कि अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम तापमान में भी बदलाव की उम्मीदें कम है। ज्ञात हो कि रविवार को राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 46 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 29 डिग्री पर रहा।

# ट्रक ने बस को पीछे से ठोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक बस को पीछे से आ रही ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे बस पेड़ से जा टकराई। इस घटना में बस के ड्राईवर साइड क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हैदराबाद से रायपुर की ओर जा रही बस 23 मई को सुबह लगभग साढे 6 बजे ग्राम सड़क चिरचारी के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन को चलाते बस को ठोकर मार दिया। जिससे बस पेड़ से जाकर टकरा गई। जिससे ड्राईवर साईड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि बस को ठोकर मारने के बाद ट्रक एक काम्प्लेक्स में जाकर घुस गई। जिससे काम्प्लेक्स का टीन शेड टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी मकबूल खान ने दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

- छुईखदान थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया की नाबालिग पुत्री को आरोपी नितेश वर्मा उम्र 18 वर्ष 4 माह निवासी हाटबंजा द्वारा नाबालिग जानते हुए भी बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर जबर्दस्ती दुष्कर्म कर गर्भवती करने संबंधी रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में धारा 64(2)(ड), 65(1), 96 बीएनएस एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपी की तत्काल पता तलाश कर हिरासत में लिया गया तथा आरोपी नितेश वर्मा को 22 मई को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### जेल भेजा गया आरोपी

आरोपी को 23 मई को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उसे उपजेल सलोनी भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना छुईखदान पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।









## खबर संक्षेप

### ब्रह्मकुमारियों से सौजन्य भेंट

**डोंगरगढ़।** पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने ब्रह्मकुमारी संस्थान पहुंचकर दीदियों से सौजन्य भेंट की तथा विभिन्न सामाजिक और स्थानीय विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान संस्थान से जुड़ी आवश्यकताओं एवं समस्याओं पर भी चर्चा की गई। भेंट के दौरान संस्थान की दीदियों ने कुछ समस्याओं और आवश्यकताओं से अध्यक्ष को अवगत कराया। अध्यक्ष ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र उचित पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर के सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्थानों की समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता में शामिल है तथा जनहित से जुड़े कार्यों के प्रति नगर पालिका सदैव प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भाजपा नेता चीकू जैन, प्रकाश चौरड़िया एवं वीरेन्द्र सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।



### कोर्ट मैनेजर के पद पर कमलेश चयनित

**खुज्जी।** दर्री के कपिल गौरकर के पुत्र कमलेश कुमार गौरकर जो वर्तमान में चौकी में बीपीएम हैं का चयन छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से कोर्ट मैनेजर के पद पर हुआ है। उन्हे भारतीय बौद्ध महासभा के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र बोरकर, भाजपा नेता कैलाश शर्मा, राजेंद्र गणवीर, राजेश गौरकर, प्रो रेखा गौरकर, चेतन सिंह राजपूत, पोहन साहू, मोहन साहू, युगल किशोर सोनटेके, ओमप्रकाश ऊके, सिद्धोधन सोनटेके, श्याम सुंदर, राजेंद्र रंगारी, राजेश मेश्राम, संदीप घोड़ेसवार, अभिषेक रामटेके, नवीन रामटेके ने बधाई दी है।



### मनाई गई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत ढारा में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को पुण्यतिथि पर याद किया गया। ढारा पहुंचने पर सरपंच, उपसरपंच एवं ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम चंदेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर विधायक का स्वागत किया। श्रीमती बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभी लोगों ने नक्सलवाद के विरोध में शपथ ली। इस मौके पर अध्यक्ष पंचराम चंदेल, सुरेश सिन्हा, राजूसिंह राजपूत, आरती वर्मा, मोहन वर्मा, श्यामसाय टांडेकर, पारस टांडेकर, गोविंद वर्मा, गोकुल वर्मा, नंदू वर्मा, सविता वैद, गौतम वर्मा, दिपेश टांडेकर, शुभम वर्मा, कविता सहित अन्य उपस्थित थे।



### बिजली खंभा का सपोर्ट बंधा पेड़ से

**सड़क अतरिया।** बिजली चोरी रोकने के लिए खुले विद्युत तारों की जगह केबल तार लगाया जा रहा है। इस कार्य को विभाग ठेकेदारों के माध्यम से करवा रहा है। कुछ जगहों पर केबल तार लगाने एवं बिजली पोल गड़ाने में लापरवाही बरतने की शिकायत सामने आ रही है। खैरा नवापारा अंतर्गत बेलगांव में बीते माह ठेकेदार द्वारा केबल तार लगाने एवं बिजली खंभा गड़ाया है जिसमें लापरवाही बरती गई है। गांव के राजकुमार, महेन्द्र ने बताया कि बीते माह उनके ब्यारा के पास केबल तार लगाया गया है जिसके लिए खंभा गड़ाने में ठेकेदार द्वारा लापरवाही किया गया। बिजली खंभा को लगाने के बाद उसे यथा स्थान खड़े रखने तथा उसे उचित तरीके से लगाने के लिए सपोर्ट नहीं दिया गया है। ठेकेदार द्वारा सपोर्ट तार को एक पेड़ से बांध दिया है। जानकारी अनुसार बिजली पोल के सपोर्ट तार को विपरीत दिशा में यथोचित गड्ढा खोद कर सपोर्ट लगाना था ताकि तेज आंधी तुफान या विपरीत स्थिति में खंभा न गिरे परन्तु यहां सपोर्ट को एक कमजोर पेड़ से बांध दिया गया है। ग्रामीण ने उक्त खंभा में उचित सपोर्ट लगाने की मांग किया है।



### खाद, डीजल, बीज के लिए भटक रहे किसान

**सड़क अतरिया।** खाद, डीजल की किल्लत एवं बीजों के बढ़ते दाम पर प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल ने चिंता व्यक्त करते हुए सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि किसान हितैषी का ढोंग करने वाली सरकार असल में किसान विरोधी है। उन्होंने कहा कि सरकार किसान हित को दरकिनार कर उसे कमजोर करने में लगी है। श्री जंघेल ने बताया कि किसान खाद के लिए भटक रहें हैं और सोसायटी में खाद भी नहीं है। जहां मिल भी रहा है वहां किसानों को मांग से आधी खाद दिया जा रहा है। वहीं दुकानों में डीएपी, यूरिया सहित अन्य खाद का भरपूर स्टाक है।दुकानों में डेढ़ से दो गुना दाम पर खाद बेचा जा रहा है जबकि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय अग्रिम खाद उचित दाम में मिल जाती थी। वहीं दूसरी ओर डीजल पेट्रोल का दाम लगातार बढ़ रहे हैं।किसानों को पर्याप्त डीजल नहीं मिल रहा है जिससे कृषि कार्य प्रभावित होगा। उन्होंने सरकार से किसानों को पर्याप्त खाद, ईंधन उपलब्ध कराने की मांग की है।



### दिनेश बने विधायक प्रतिनिधि

**साल्हेवारा।** कोसमर्रा रामपुर निवासी दिनेश साहू को विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। वह तहसील अंतर्गत विभिन्न शासकीय विभागों का काम देखेंगे। उनकी नियुक्ति को लेकर समर्थकों एवं स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान और जनसंपर्क में तेजी आएगी। विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर दिनेश साहू ने विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।



### प्रशासन हुआ निरंकुशः अग्रवाल

**डोंगरगढ़।** सुराज तिहार के तहत आयोजित होने वाले समाधान शिविर के दौरान आमजनता में आक्रोश देखने को मिल रहा है जिससे प्रशासन सकते में है। जनता के आक्रोश और प्रदर्शन से पार्टी को सीख लेना चाहिए कि इसका भविष्य मे परिणाम क्या हो सकता है। भाजपा कार्यकर्ता महेंद्र कुमार अग्रवाल ने पार्टी के नेतृत्वकर्ताओं को आगाह किया कि अभी समय है प्रशासन पर अंकुश रख जनता के हितों का भी ध्यान रखे। जनता के लिए थाना, तहसील, कचहरी जैसे कार्यालय जाकर जायजा ले कि वहां काम हो रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रशासन निरंकुश हो गया है जिस पर अंकुश लगाना जरुरी है।

## सवालों के घेरे में सड़क चौड़ीकरण और विभाग की कार्यप्रणाली

# नाली के आगे नाली, शहर में बढ़ेंगे हादसे और अतिक्रमण

### 18 करोड़ के ड्रीम प्रोजेक्ट का हुआ सत्यानाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर का सड़क चौड़ीकरण कार्य अबूझ पहेली बन गया है। लोगों को अब तक यह समझ नहीं आया कि काम किस मापदंड से कराया जा रहा है।

वर्तमान में चौकी दिशा की ओर नाली के आगे नाली बनाया जा रहा है जिससे सड़क तो सकरी होगी साथ ही दुर्घटना के साथ अतिक्रमण के बढ़ने की संभावना है। इस मामले को लेकर नागरिकों ने शिकायत कर काम को बंद कराने की मांग की है।

उल्लेखनीय है पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने शहर सीमा की करीब 3 किमी सड़क चौड़ीकरण के लिए करीब 18 करोड़ की मंजूरी दी थी। तीन साल से अधिक समय गुजरने के बाद सड़क का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। कार्य को लेकर विधायक भी आंदोलन कर चुके है वहीं भाजपा नेता कई बार शिकायत कर चुके किंतु लोक निर्माण विभाग ठेकेदार के आगे बेबस हो चुका है कि रत्ती भर भी नियंत्रण नहीं कर पा रहा है।




#### नागरिकों ने जताई आपत्ति

चौकी मार्ग के नागरिकों ने जिला प्रशासन से शिकायत कर सड़क चौड़ीकरण कार्य की त्रुटियों की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए अनियमित निर्माण बंद कराने की मांग की है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि चौकी की ओर सड़क के दाहिने ओर सही माप और बायी ओर गलत माप से चौड़ीकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क के दोनो तरफ का मिलान करके बराबर दूरी पर नाली निर्माण किया जाना चाहिए था किन्तु लल्ली ट्रेडर्स से अग्रवाल किराया भंडार तक पुरानी नाली के आगे नई नाली का निर्माण किया जा रहा है जिससे सड़क की चौड़ाई प्रभावित होगी साथ ही दुर्घटना की आशंका बढ़ जाएगी।

#### अनावश्यक स्थानों पर छोड़ा क्रासिंग

सड़क चौड़ीकरण के तहत डिवाइडर भी बनाया गया है। करीब 3 किमी के दायरे में लगभग 40 स्थानों पर क्रासिंग बनाया गया है जिससे हादसे की आशंका बढ़ गई है। कुछ जगहों पर कुछ फुट की दूरी पर ही क्रासिंग बना दिया गया है तो कुछ जहां लंबा गेप छोड़ दिया है। बिना किसी निश्चित मापदंड के डिवाइडर निर्माण के बाद अब क्रासिंग को बंद किया जा रहा है।

#### नाली पर उठे सवाल

एसडीएम कार्यालय से तिगाला पेट्रोल पंप तक बेहद सकरी नाली बनाया गया तो योगेश डोसा सेंटर के पास तो ऐसी नाली बनाया गया है जिससे पानी के आगे बढ़ने की संभावना कम है। अब चौकी की ओर लल्ली ट्रेडर्स से अग्रवाल किराया भंडार तक पूर्व में बनी नाली को छोड़कर आगे बढ़ाते हुए नाली बनाया जा रहा है जिससे सड़क का किनारा सकरा हो जाएगा साथ ही आसपास के दुकानदारों को नाली तक अपनी दुकान फैलाने का मौका मिलेगा।

## पारा पहुंचा 44 के पास

**गंडई पंडरिया।** नौतपा के पहले ही क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। आसमान से बरसती आग के बीच तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच चुका है। भीषण गर्मी का सबसे बुरा असर उन मजदूरों और कामकाजी लोगों पर पड़ रहा है, जिन्हें खुले आसमान के नीचे काम करना पड़ रहा है। लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण लोग हीट स्ट्रोक के शिकार होकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंच रहे हैं।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई के प्रभारी मेडिकल ऑफिसर प्रशांत सोनी ने बताया कि अस्पताल में अब तक बुखार से पीड़ित करीब 10 से 15 मरीज आ चुके हैं। कुछ मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद वापस घर भेज दिया गया, जबकि कुछ गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कल 25 मई से नौतपा शुरू होने वाला है, जिसमें तापमान के और बढ़ने का अनुमान है। आने वाले दिनों में हीट स्ट्रोक के मामलों में भारी बढ़ोतरी होने की आशंका जताई जा रही है। मानव शरीर का सामान्य तापमान 98.6 डिग्री फारेनहाइट माना जाता है और सामान्य मौसमी बीमारियों में यह 102 डिग्री तक पहुंचता है। वर्तमान में तेज गर्मी के बीच काम करने वाले मजदूरों के शरीर का तापमान 103 से 104 डिग्री फारेनहाइट तक दर्ज किया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है।

#### स्वास्थ्य विभाग की सलाह

भीषण गर्मी से सुरक्षित रहने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कुछ उपाय सुझाए है जिसमें 11 से 4 बजे के बीच धूप में नहीं निकलने कहा गया है। बाहर जाना जरूरी होने पर पर्याप्त भोजन करके और भरपूर पानी पीकर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी गई। लोगों से कहा गया है कि अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें और प्यास न लगने पर भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी, नींबू पानी, ओआरएस का घोल, छाछ या आम का पना पीते रहें ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। बाहर निकलते समय हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े पहनें और अपने सिर तथा चेहरे को सूती कपड़े, टोपी या छतरी से ढककर रखें। किसी व्यक्ति को तेज बुखार, चक्कर आना, उल्टी होना या अत्यधिक कमजोरी महसूस हो तो डॉक्टरों से परामर्श लें।

## बोरबेल शुरू होने के साथ जल संकट का समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आंबेडकर नगर में बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर भदंत संघरत्न मानके ने जनकल्याण की भावना से बोरवेल एवं सबमर्सिबल पंप दान कर उद्घाटन किया। प्रज्ञागिरी स्थित बुद्ध प्रतिमा की पूजा-अर्चना के बाद बोरवेल का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भदंत संघरत्न मानके ने कहा कि सभी को समान रूप से पानी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार समान रूप से सूर्य रोशनी देता है इसी प्रकार जल भी सभी के लिए सुलभ होना चाहिए। भिक्षु धम्मशिखर ने बताया कि धम्मदूत भदंत संघरत्न मानके पञ्ञा मेत्ता संघ के माध्यम से पिछले 40 वर्षों से पेयजल के लिए बोरवेल एवं कुओं का निर्माण करवा रहे है। इस दौरान रजत गजभिए, पल्लवी मेश्राम, किरण मेश्राम, पूनम, सुरेखा, वेनु गोपाल, अनिल लांडगे, डॉ मनोज गजभिए, अनमोल बौद्ध, एचके आजाद, दीपक उके, भरत गड़पायले, मीना घरड़े, स्वीटी डहाट आदि उपस्थित थे। संचालन ज्योति मेश्राम ने किया।

## नहर जाम होने से किसानों को नहीं मिलता पानी

### सुशासन शिविर में शिकायत, सफाई एवं पक्कीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

जीराटोला, मानपुर, खैरबना, खैरा सहित आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए जल आपूर्ति कराने के उद्देश्य से जीराटोला जलाशय का निर्माण कराया गया है।

निर्माण के बाद एलबीसी आरबीसी नहर के माध्यम के किसानों को जल प्रदान किया जाता है परन्तु एलबीसी नहर के माध्यम से दर्जन भर से अधिक किसानों को बीते कुछ साल से पानी नहीं मिलने की शिकायत सामने आ रही है। जिसकी प्रमुख वजह नहर का जगह जगह मिट्टी पट जाना तथा नाली पुल के नीचे जाम होना बताया जा रहा है जबकि क्षेत्र के किसानों को हर साल पानी का भरना पटाना पड़ रहा हैं।

जीराटोला, मानपुर के किसानों ने बताया कि पहले उन्हें हर साल जीराटोला जलाशय से फसल के लिए पानी मिल था परन्तु किसानों को बीते तीन साल से भरना पटाने के बावजूद पानी नहीं मिल रहा है।



#### पानी नहीं मिला फिर भी लिया भरना

जीराटोला के हीरालाल पटेल, कपुर खुशरो, मानसिंग साहू, मंथीर साहू, उत्तम रोडगे आदि किसानों ने बताया कि उनकी कृषि भूमि नहर के समीप है जिससे उन्हें पहले पानी मिलता था। कुछ सालों से नहर में पानी नहीं आता है जिससे उन्हें परेशानी होती है। पानी नहीं मिलने से उन्हे नुकसान उठाना पड़ रहा है।

#### सुशासन शिविर में शिकायत

नहर से पानी नहीं मिलने तथा हर साल भरना लेने की किसानों ने खैरा नवापारा में आयोजित सुशासन शिविर में शिकायत की है। किसानो से विभाग से बरसात पूर्व नहर की सफाई तथा नहर का पक्कीकरण कराने की मांग की है।

#### नहर में मिट्टी और कचरा

पंचायत प्रतिनिधि केसलाल मंडावी ने बताया उक्त नहर का पक्की करण नहीं होने से जगह जगह पार की मिट्टी नाली में भर गई है। वहीं सड़क क्रासिंग एवं अन्य छोटे बड़े पुल के पास नाली जाम है। मिट्टी और कुड़ा कचरा भर गया है जिसके चलते जलाशय का पानी किसानों के खेत तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि इस समस्या से विभाग को कई दफा अवगत कराया जा चुका है पर समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

## नपा अध्यक्ष की सार्थक पहल

# नेहरू स्टेडियम का निरीक्षण खेल के विकास पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुनील जैन, प्रकाश चौरड़िया सहित अन्य ने नेहरू स्टेडियम तथा कॉलेज मैदान का निरीक्षण किया।

पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने उपलब्ध सुविधाओं, खिलाड़ियों को होने वाली समस्याओं तथा विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मैदान की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए खिलाड़ियों एवं युवाओं के लिए बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने खेल मैदान में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर अपने विचार साझा किए।

चर्चा के दौरान मैदान की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, खिलाड़ियों के लिए आवश्यक संसाधन तथा मैदान के समुचित रखरखाव जैसे विषयों पर विचार किया गया। भाजपा नेता श्री रड़िया ने कहा कि नेहरू स्टेडियम नगर के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण स्थान है और यहां पहले से उपलब्ध हरियाली एवं पानी की व्यवस्था अच्छी है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर आवश्यक सुधार और अतिरिक्त कार्य करने की जरूरत है, जिससे मैदान अधिक उपयोगी बन सके।

#### युवाओं को मिले सुविधा

नेहरू कालेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुनील जैन ने उन युवाओं की समस्याओं को सामने रखा जो विभिन्न भर्तियों की तैयारी के लिए प्रतिदिन शारीरिक अभ्यास करने पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता है, जिससे उन्हें बेहतर वातावरण मिल सके और वह तैयारी अधिक प्रभावी तरीके से कर सकें। पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने इस अवसर पर स्टेडियम के विकास और संचालन के लिए स्टेडियम समिति गठन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि समिति में ऐसे लोगों को शामिल किया जाना चाहिए जो मैदान और खेल गतिविधियों से जुड़े हों। अनुविभागीय अधिकारी श्री भार्गव ने कहा कि निरीक्षण के दौरान सामने आए सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा तथा जल्द आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मुन्नालाल नंदेश्वर, जितेंद्र ठाकुर, ऋषि शर्मा, धीरज शर्मा उपस्थित थे।

## जिले को मिले आधुनिक तकनीक से लैस सात नए ईआरवी वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- विभिन्न थानों में रवाना हुए वाहन

जिले मे सुरक्षा मजबूत करने और चौकसी बढ़ाने जिला पुलिस को मुख्यालय से सात नई अत्याधुनिक इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल 112 उपलब्ध कराया गया है। पुलिस लाईन मे आयोजित कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा व डीएफओ पंकज सिंह राजपूत ने इन वाहनो को थाना क्षेत्रो के रवाना किया। नई ईआरवी मिलने से जिले में अब 112 की सुविधा तेज, प्रभावी और तकनीक आधारित हो जाएगी। जानकारी अनुसार सात वाहनो में दो खैरागढ़, गंडई, साल्हेवारा, छुईखदान थाना सहित एक जालबांधा चौकी में रहेगा जबकि एक वाहन लाइन मे आवश्यकतानुसार तैनात रहेगा।

गौरतलब है कि सातो ईआरवी आधुनित तकनीक और सुरक्षा उपकरणो से सज्जित है इसमे एमडीटी सिस्टम, आमने सामने कैमरा के अलावा भीड़ भाड़ वाले इलाको मे निगरानी मजबूत करने 360 डिग्री वाला यफ कैमरा लगा हुआ है।

#### कानून व्यवस्था होगी मजबूत

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन वाहनों के संचालन से कानून व्यवस्था बनाए रखने, सड़क दुर्घटना, आपात स्थिति सहित अपराध संबंधी घटनाओ मे त्वरित सहायता उपलब्ध हो पाएगी। ईआरवी को संबंधित थाना क्षेत्रों की ओर रवाना करते हुए अतिथियो ने कहा कि यह जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। आधुनिक तकनीक और संसाधनों से लैंस वाहन से कानून व्यवस्था मजबूत होगी वही ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्र के लोगों का तत्काल सहायता मिल पाएगी। इस दौरान नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, अजय जैन, रूपेंद्र रजक सहित पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी व अन्य मौजूद थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## स्वीकृत निर्माण कार्य प्रारंभ कराने तथा चलित कार्य शीघ्र पूर्ण कराने निर्देश

# मेयर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

## तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने शनिवार को अपने कक्ष में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा की उपस्थिति में तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की वार्डवार जानकारी ली। उन्होंने स्वीकृत कार्य तत्काल प्रारंभ कराने योजना के कार्य को प्राथमिकता देकर समय-सीमा में चालू कराने एवं चालू कार्य में तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में महापौर श्री यादव ने उप अभियंताओं से शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की वार्डवार जानकारी लेकर अप्रारंभ कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने तथा चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सांसद, विधायक निधि एवं महापौर व पार्षद निधि के कार्य की जानकारी लेकर स्वीकृत कार्य तत्काल प्रारंभ कराने कहा।



### सभी अभियंता कार्यों की सतत करें मानिटरिंग

महापौर ने अधोसंरचना मद एवं अधोसंरचना पर्यावरण मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने कहा, जिस कार्य का कार्यादेश जारी नहीं हुआ है, उसका कार्यादेश तत्काल जारी कर कार्य प्रारंभ कराएं। सभी अभियंतागण अपने-अपने प्रभारित वार्ड के कार्यों की सतत मानिटरिंग करें तथा कार्य की प्रगति, उपयोगिता प्रमाण पत्र बनाकर शासन को भेजे। उन्होंने डामरीकरण के कार्य की जानकारी लेकर शेष कार्य गुणवत्ता के साथ बारिश के पूर्व पूर्ण कराने कहा।

### ठेकेदारों को जारी करें नोटिस

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि डामरीकरण कार्य के लिए संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन ठेकेदारों द्वारा काम चालू नहीं किया जा रहा है या जिन्होंने चलित काम बंद कर दिया है, उन्हें नोटिस जारी करें, जहां पर स्थल विवाद है, उसके लिए संबंधित पार्षद से सम्पर्क कर निराकरण कराएं, जिन कार्यों की विभागीय प्रक्रिया लंबित है, उसे जल्द पूर्ण कर काम चालू कराएं। सभी कार्यों की सतत मानिटरिंग कर प्रगति से अवगत कराएं।

### नालंदा परिसर की ली जानकारी

महापौर श्री यादव ने नालंदा परिसर के कार्य की भी जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने कहा। आंगनबाड़ी निर्माण व मारम्मत कार्य जून माह तक पूर्ण कराएं। उन्होंने सामुदायिक भवन तथा नाला निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि नाला निर्माण कार्य में तेजी लाएं, जो कार्य बंद है उसको चालू कराएं। महापौर ने धार्मिक न्यास के कार्य शहर के मंदिरों का जीर्णोद्धार के संबंध में कहा कि जिन मंदिरों की स्वीकृति शासन से प्राप्त हो चुकी है, उनकी जल्द प्रक्रिया कर काम चालू कराएं तथा कुछ मंदिरों का प्रस्ताव शासन को भेजना है, उसके लिए फाईल तैयार करें। उन्होंने आडिटोरियम मरम्मत, ट्रांसपोर्ट नगर जीर्णोद्धार, स्वागत द्वार निर्माण की प्रगति की जानकारी लेकर गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि पाईप लाइन, इंटर कनेक्शन के स्वीकृत कार्य जल्द चालू कर कार्य जल्द पूर्ण कराएं। बैठक में दीपक खाण्डे, यू.के. रामटेके, प्रणय मेश्राम, गरिमा वर्मा व सुषमा साहू सहित उप अभियंतागण व संबंधित लिपिक उपस्थित थे।

## मस्ती की पाठशाला : अखाड़ा, मटकी फोड़, जलेबी दौड़ रहा आकर्षण का केन्द्र

### कलेक्टर पाठशाला में शामिल होकर बच्चों का किया उत्साहवर्धन





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस रविवार आयोजित मस्ती की पाठशाला में उमंग की भीड़ उमड़ी। सुबह से बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग उमंग एवं उल्लास के साथ पाठशाला में पहुंचकर पारंपरिक खेलों का मजा लेकर योगा एवं जुम्बा डॉस में भाग लिया। आज की पाठशाला में कलेक्टर जितेन्द्र यादव शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर कार्यक्रम की सराहना किए। उन्होंने कहा कि मस्ती की पाठशाला के लिए सभी वर्गों में उत्साह नजर आ रहा है। बच्चे एवं युवा बड़ी संख्या में पहुंचकर विभिन्न खेलों का मजा ले रहे हैं।

मस्ती की पाठशाला का सबसे बड़ा आकर्षण अखाड़ा था। जिसमें नंदई बाली अखाडा के छोटे एवं बड़े बच्चों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। इसके अलावा इस बार नए खेल में मटकी फोड, मोमबत्ती जलाव, जलेबी दौड़, बेलुन फुलाव, बिल्लस, बांटी, भौरा, पिट्टुल के अलावा रस्सीकूद, तीरंजदाजी, जम्प, कराटे आदि खेलों का बच्चे एवं युवाओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। छोटे बच्चों ने झूलाझुल व फिसल पट्टी में फिसलकर मजा लेने के साथ-साथ छोटे-छोटे खेल में भाग लिए। साथ ही योगा के अलावा रीदम रिवाल्युसन ग्रुप के साथ बड़ी संख्या में छोटे, बड़े बच्चे परिवार के साथ जुम्बा डांस में थिरकते नजर आए। वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने ड्राईंग सीट में चित्रकारी के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिसमें अच्छी चित्रकारी करने वाले बच्चों को यामिनी कला केन्द्र द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### हर सप्ताह बढ़ती जा रही भीड़

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि मस्ती की पाठशाला में हर सप्ताह भीड़ बढ़ती जा रही है। लोगों का रूझान देखते इस बार नए खेलों का समावेश किया गया है। जिसमें मटकी फोड, मोमबत्ती जलाव, जलेबी दौड़, बेलुन फुलाव, बिल्लस, बांटी, भौंरा आदि खेल प्रमुखता से रही। उन्होंने कहा कि बाडी टेक जीम, रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, योगा ग्रुप, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, इडियन टीवीएस कंपनी, राजनांदगांव रनर ग्रुप सहित खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी के अलावा अन्य संघों के सहयोग से पाठशाला का सफल आयोजन किया जा रहा है। मस्ती की पाठशाला में पार्षदों सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गों की परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## घुमका नगर पंचायत चुनाव : कांग्रेस ने बनाई जीत की मजबूत रणनीति

- जनता के बीच कांग्रेस की रीति-नीति पहुंचाने और हर वार्ड में जीत सुनिश्चित करने की रणनीति तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



घुमका नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर अपनी तैयारियां तेज कर दी है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कांग्रेस की रीति-नीति, जनहितकारी सोच एवं पार्टी की विचारधारा को वार्डवार प्रत्येक आमजन तक पहुंचाने तथा सभी वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार 15 वार्डों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि नियुक्त प्रभारी अपने-अपने वार्डों में चुनावी रणनीति तैयार करने, प्रचार अभियान को गति देने, कार्यकर्ताओं के समन्वय, जनसंपर्क एवं अन्य आवश्यक चुनावी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। कांग्रेस पार्टी नगर के विकास, मूलभूत सुविधाओं, आमजन की समस्याओं एवं जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच मजबूती के साथ पहुंच रही है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि घुमका नगर पंचायत का यह प्रथम चुनाव नगर के भविष्य की दिशा तय करने वाला चुनाव है और कांग्रेस पार्टी इसे पूरी गंभीरता एवं मजबूती के साथ लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन बूथ स्तर तक सक्रिय होकर जनता के विश्वास को मजबूत करने का कार्य कर रहा है तथा कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर विशेष उत्साह का वातावरण है। कांग्रेस पार्टी केवल चुनाव जीतने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि नगर के विकास, पारदर्शी व्यवस्था एवं जनहित की सोच को लेकर जनता के बीच जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नियुक्त प्रभारी संगठन की भावना के साथ सक्रिय भूमिका निभाते कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने हेतु पूरी निष्ठा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे।

### वार्डवार नियुक्त प्रभारियों की सूची

वार्ड क्र. 1 धीरज मेश्राम, मतीन खान, वार्ड क्र. 2 दुर्गेश द्विवेदी व राजू सिंह राजपूत, वार्ड क्र. 3 शिशुपाल भारती व अमीन उके, वार्ड क्र. 4 मन्ना यादव व हनी ग्रेवाल, वार्ड क्र. 5 महेंद्र यादव व सुरेश सिन्हा, वार्ड क्र. 6 राजकुमार सिन्हा व पूरन नेताम, वार्ड क्र. 7 चन्द्रेश वर्मा व अभिषेक साहू, वार्ड क्र. 8 रज्जू जॉन व हेमंत वैष्णव, वार्ड क्र. 9 राजकुमारी सिन्हा व विष्णु लोधी, वार्ड क्र. 10 रितेश जैन व ललित कोमरे, वार्ड क्र. 11 अंगेश्वर देशमुख व रमादेवी वर्मा, वार्ड क्र. 12 अशोक फड़नवीस व हेमू सोनी, वार्ड क्र. 13 रवि साहू व विजयराज चौहान, वार्ड क्र. 14 पंकज बांधव व रतन यादव एवं वार्ड क्र. 15 में जीतेंद्र सिंह भाटिया व चुम्मन साहू शामिल हैं।

## जिला एवं तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**राजनांदगांव।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग नवा रायपुर के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2026 में प्राकृतिक आपदा, बाढ़, अतिवृष्टि की संभावित स्थिति को देखते बचाव एवं राहत व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तर पर संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित (कलेक्टोरेट) कक्ष क्रमांक 11 में 1 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026 तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे निरंतर क्रियाशील रहेगी। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07744-220557 है एवं राहत आयुक्त कार्यालय मंत्रालय नवा रायपुर का दूरभाष क्रमांक 2223471, फैक्स नंबर 2223472 है। इसके अतिरिक्त कार्यालयीन अवधि में भू-अभिलेख शाखा में स्थापित दूरभाष क्रमांक 07744-227028 पर भी आपात स्थिति की सूचना दी जा सकती है।

## घुमका चुनाव प्रचार में भाजपा प्रभावी भूमिका में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- गर्मी में भी प्रत्याशी प्रचार के लिए वार्ड में घूम रहे हैं

डोंगरगढ़ विधानसभा के घुमका में पहली बार नगर पंचायत के हो रहे चुनाव में भाजपा प्रभावी भूमिका में दिखाई दे रही है। वर्तमान में सरपंच एवं विधानसभा में कांग्रेस विधायक होने के बावजूद घुमका का पिछले 7 वर्षों तक विकास रूका रहा। अधोसंरचना के आवश्यक कार्य जैसे घर के सामने नाली, सीसी रोड, नल एवं निस्तारी हेतु पानी की सुविधा से यहां के मतदाता वंचित रहे हैं। जिसके कारण मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति आक्रोश देखने को मिल रहा है।

केशव वर्मा एवं लूणकरण वर्मा ने बताया कि 15 वर्षों के डॉ. रमन सिंह के शासनकाल में घुमका का विकास हुआ था। जितने भी कार्य हुए, वे आज भी देखे जा सकते हैं। उसके पश्चात कांग्रेस विधायक आने से यहां कोई काम नहीं हुआ है। घुमका चुनाव में भाजपा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी किरण वर्मा एवं 15 पार्षदों की विजय सुनिशचित करने के लिए भाजपा नेताओं ने व्यूहरचना के अनुसार प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। इसके लिए वरिष्ठ नेता एवं चुनाव संयोजक तथा महापौर मधुसूदन यादव, प्रभारी ललित चंद्राकर, जितेंद्र वर्मा एवं जितेंद्र साहू अपनी टीम के साथ कार्ययोजना बनाने में लगे हुए हैं।



### रैली के माध्यम से कर रहे जनसंपर्क

भारी गर्मी में भी सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक भाजपा प्रत्याशी भारी संख्या में रैली के माध्यम से मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैं और कमल फूल खिलाने का आह्वान कर रहे हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में जिला महामंत्री सौरभ कोठारी व डीकेश साहू, कोषाध्यक्ष भावेश बैद, सावन वर्मा, मंडल प्रभारी अमर लालवानी, मूलचंद भंसाली, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, मंडल महामंत्री जनक एवं ललित साहू भी चुनाव के इस अभियान में डटे हुए हैं।

### बढ़ रहा रूझान

उन्होंने बताया कि नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद हो रहे चुनाव में भाजपा शासनकाल में 8 करोड़ रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश में मोदी ने भारत का गौरव अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बढ़ाया है और देश में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, देश में किसान, महिलाएं और युवा भाजपा के प्रति आकर्षित होने लगे हैं, इसलिए घुमका नगर पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों का स्वाभाविक रुझान तेजी से बढ़ रहा है। लोग भाजपा पार्षद प्रत्याशी को पहली पसंद मान रहे हैं।

## सुशासन तिहार केवल दिखावा, जनता के पैसों की हो रही बर्बादी : पिंटू



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार पर गंभीर सवाल उठाते इसे पूरी तरह दिखावटी आयोजन और शासकीय राशि का दुरूपयोग बताते कहा कि सरकार एक ओर सुशासन के बड़े-बड़े दावे कर रही है। वहीं दूसरी ओर आम जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है। वरिष्ठ प्रवक्ता श्री पिंटू ने बयान जारी करते कहा कि सुशासन तिहार जैसे आयोजनों में लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता को उसका कोई लाभ दिखाई नहीं दे रहा। आरोप लगाया कि यह पूरा कार्यक्रम केवल सरकारी उपलब्धियों का प्रचार करने और जनता का ध्यान वास्तविक समस्याओं से भटकाने का माध्यम बन गया है। जिले में आज भी कई सड़कें जर्जर स्थिति में हैं, कई गावों में पहुंच मार्ग तक नहीं है। शहरों में नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही, पेयजल की समस्या बनी हुई है तथा बिजली व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार प्रभावित रहती है। इसके बावजूद सरकार सुशासन का उत्सव मनाकर अपनी पीठ थपथपा रही है। श्री पिंटू ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में जनता के हित में कार्य करना चाहती है, तो सबसे पहले स्थानीय समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। आरोप लगाया कि प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सुशासन तिहार के नाम पर अनावश्यक कार्यक्रमों और व्यवस्थाओं में व्यस्त रखा जा रहा है। जिससे आम कामकाज प्रभावित हो रहा है। जनता अब केवल घोषणाएं और प्रचार नहीं, बल्कि धरातल पर विकास कार्य देखना चाहती है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि शासकीय धन का उपयोग जनहित के कार्यों में किया जाए ना कि केवल आयोजन और प्रचार-प्रसार में।

## युगांतर के दो छात्रों का आईआईएम में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





- मेहनत और समर्पण के बल पर हासिल किया मुकाम

युगांतर पब्लिक स्कूल के रजत चौबे पिता राजेश चौबे, माता मंजुलता चौबे तथा श्रीतिमा अग्रवाल पिता अनुपम अग्रवाल, माता अनुषा अग्रवाल का चयन देश के प्रतिष्ठित आईआईएम संस्थान में हुआ है। इन दोनों विद्यार्थियों ने अपनी लगन, मेहनत और समर्पण के बल पर इस सर्वश्रेष्ठ मुकाम को हासिल किया है।

उल्लेखनीय है कि रजत चौबे 2017 बैच का सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा। इसी तरह श्रीतिमा अग्रवाल 2020-21 बैच ने भी सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इन दोनों विद्यार्थियों ने केट एक्जाम में क्रमशः 97.5 तथा 99.76 परसेंटाइल के साथ भारत के तृतीय निर्फ रैंक प्राप्त आईआईएम कोझिकोड केरलम तथा भारत के पांचवा निर्फ रैंक प्राप्त आईआईएम कोलकाता पश्चिम बंगाल में एडमिशन के लिए आयोजित साक्षात्कार के क्वालीफाई किया। साक्षात्कार के बाद जारी रिजल्ट के आधार पर इन प्रतिष्ठित संस्थानों में इन विद्यार्थियों का एडमिशन के लिए चयन हुआ है।

### गौरव की बात

विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने दोनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी है। उन्होंने बताया कि आईआई कोझिकोड में मार्केटिंग और जनरल मैनेजमेंट के गुर सिखाए जाते हैं। सन 1996 से यह संस्थान टीम भावना और कैस स्टडी पर जोर देकर विद्यार्थियों का भविष्य संवारने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इसी तरह आईआईएम कोलकाता फाइनेंस और कंसल्टिंग पर ज्यादा जोर देता है। 1961 से स्थापित इस संस्थान का कोलकाता महानगर में होने कारण विद्यार्थियों को औद्योगिक अध्ययन का भी व्यवहारिक धरातल पर अवसर मिलता है। इन दोनों आईआईएम संस्थानों में युगांतर के विद्यार्थियों का चयन होना गौरव की बात है।

## नायब तहसीलदार सुरेखा लायजन अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार नगर पालिकाओं एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन 2026 हेतु राजनांदगांव जिले के लिए नाम निर्दिष्ट प्रेक्षक उपायुक्त संभागीय आयुक्त कार्यालय रायपुर ज्योति सिंह की व्यवस्था एवं समन्वय हेतु नायब तहसीलदार राजनांदगांव डॉ. सुरेखा वर्मा को लायजन अधिकारी नियुक्त किया गया है। लायजन अधिकारी डॉ. सुरेखा वर्मा का मोबाइल नंबर 8982723487 है।

## भवन निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम कुहीकोड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 6 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

### हज केवल एक इबादत नहीं, बल्कि इंसान की रूहानी तरबियत

## हाजी साहेबान खुशहाली की खास दुआ मांगेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुस्लिम समाज जामा मस्जिद के सदर रईस अहमद शकील ने इस वर्ष हज-ए-बैतुल्लाह के मुबारक और मुकद्दस सफर पर रवाना हो रहे लोगों को मुबारक देते कहा ये इनके जीवन का एक बेहद अहम, रूहानी और बरकतों से भरपूर अवसर है, जिसे वह गहरी आस्था, अदब और तवक्कुल के साथ अंजाम देने जा रहे हैं। इस यात्रा के दौरान सभी हाजी साहेबान अपने शहर, समाज, मुल्क और पूरी दुनिया के लिए अमन, सुकून, भाईचारे, मोहब्बत और खुशहाली की खास दुआ मांगेंगे।

श्री शकील ने कहा कि हज केवल एक इबादत नहीं, बल्कि इंसान की रूहानी तरबियत, अखलाकी इस्लाह और इंसानियत की खिदमत का सबसे बड़ा जरिया है। इस्लामी हज का महीना इस्लामी हिजरी कैलेंडर का 12वां और अंतिम महीना जुल-हिज्जा कहलाता है। इस महीने को हज का महीना, इसलिए कहा जाता है, क्योंकि वार्षिक हज तीर्थयात्रा 8वीं से 12वीं तारीख तक इसी दौरान होती है, इसलिए जुल-हिज्जा इसे हज तीर्थयात्रा का महीना भी कहा जाता है। यह इस्लामी कैलेंडर का 12वां महीना है। इसी महीने में ईद-उल अजहा (बकरीद) भी मनाई जाती है, इसलिए यह हज का मुकद्दस सफर... हज करने वालों के लिए सिर्फ एक धार्मिक फरीजा नहीं, बल्कि एक रूहानी तजुर्बा, आत्म-शुद्धि और नए इमानी एहसास का जरिया भी है।




### मुबारक सफर के लिए दी मुबारकबाद

हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कि शहर के जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी और तमाम कमेटी के मुतवल्लियान, ईमाम हजरात, कमेटी ओहदेदार, मेंबर, जमातियों और तमाम हाजियों के अहबाब, अहल-ए-खाना और चाहने वालों ने हज में जाने वाले हाजियों को इस मुबारक सफर के लिए मुबारकबाद और नेक तमन्नाएं दी है। हज के सफर में जाने वालों में हाजी एजाजुर रहमान, सैय्यद इकबाल हुसैन, हाजी अतहर रिजवी, शब्बीर अहमद, मोजजन सफी, उल्लाह अंसारी, रमजान अली, शब्बीर सब्बू सोलंकी, इमरान अंसारी, शेख याकूब, अक्कू भाई और हाजी फारूख मोहला की रवानगी हुई है। मुस्लिम समाज के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने कहा कि हज के मुबारक सफर पर रवाना होने वाले लोगों का जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की ओर से इस्तकबाल किया गया। वहीं आजमीने हज ने भी अवाम से अपनी कामयाबी और आसानी के लिए दुआओं की दरख्वास्त की।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- पांच केंद्रों में 146 ने लिया प्रशिक्षण

जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने व युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 से 20 मई तक आयोजित इस शिविर में जिलेभर के कुल 146 खिलाडियों ने विभिन्न खेल विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

राजा फतेह सिंह खेल मैदान खैरागढ़, केकती बाड़ी मैदान छुईखदान, खेल मैदान अकरजन, सेजेस साल्हेवारा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला मैदान गण्डई सहित जिले के पांच प्रमुख प्रशिक्षण केंद्रों में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, खेल तकनीक सहित फिटनेस संबंधी प्रशिक्षण प्रदान दिया गया। शिविर में फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, साइक्लिंग, फेंसिंग, जूडो, एथलेटिक्स जैसी विभिन्न खेल विधाओं का अभ्यास कराया गया। खेल कौशल विकसित करने के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना व शारीरिक दक्षता के महत्व से भी अवगत कराया गया।

### नियमित अभ्यास और फिजिकल फिटनेस

जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में नीलू सिंह, शीतांषु गुप्ता, प्रिनकेश कश्यप, आशीष पटेल, ताजू खान गौरी, नंदेश्वरी जोशी, कांति चंद्राकर, जनक साहू, कुशल सिंह ध्रुव, रोहित अचला, निधि साहू, रोशनी रावटे, रूपेंद्र साहू ने खेलों की बारीकियों की जानकारी देते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। शिविर का समापन नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि भगवत शरण सिंह, पार्षद सुमित टंडिया, रूपेंद्र रजक, निर्मल त्रिवेणी सूरज देवांगन, मंगल सारथी, शुभम सिंह ठाकुर, उत्तम बागड़े, उत्तम दशरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी, प्रशिक्षक व अभिभावको की मौजूदगी मे हुआ। जहॉ अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित अभ्यास कर खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया। विभाग की इस पहल को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए सराहना की और कहा कि इससे जिले की खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता निखारने और आगे बढने का बेहतर अवसर मिला है। प्रशिक्षकों सहित खेल अधिकारियों ने प्रतिभागियों को भविष्य में राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी।

## सार समाचार

### महंत राजाओं का अपमान नहीं सहेगा वैष्णव समाज

**राजनांदगांव।** वैष्णव समाज ने शासन- प्रशासन द्वारा लगातार किए जा रहे महंत वैष्णव बैरागी राजाओं की उपेक्षा, अनादर किए जा रहे अपमान के विरोध में स्टेडियम चौक पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते जिला अध्यक्ष संतोष वैष्णव ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम समिति में नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के आमंत्रण कार्ड में कहीं पर भी महंत राजा दिग्विजय दास का नाम और न ही राजा साहब की तस्वीर रखी गई है। जिसका वैष्णव समाज घोर निंदा करता है।



सुरेंद्र दाऊ ने कहा कि हमारे पूर्वज वैष्णव महंत राजाओं का अपमान, वैष्णव समाज, राजगामी संपदा न्यास में भी राजगामी सम्पदा का हो रहे बंदरबांट वैष्णव समाज नहीं सहेगा। संबोधन में संदीप वैष्णव, देवकुमार निर्वाणी, शिवकुमार वैष्णव, चंद्रशेखर वैष्णव, हेमंत वैष्णव, अनूप दास, देवेश वैष्णव, कमलेश वैष्णव, विश्वास वैष्णव, लव वैष्णव, योगेंद्र वैष्णव, रवि वैष्णव, राजू वैष्णव, महेंद्र वैष्णव, भावेश वैष्णव, मनीष वैष्णव, जीतू बैरागी, जितेंद्र वैष्णव ने अपने-अपने विचार रखे।

### भूमि ने 10वीं बोर्ड में 95.2% अंक किया अर्जित

**राजनांदगांव।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव की मेधावी छात्रा भूमि मेश्राम ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार एवं शुभचिंतकों में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। भूमि मेश्राम शिक्षक नगर वार्ड क्र. 12 स्टेशनपारा राजनांदगांव निवासी चंद्रकुमार मेश्राम एवं श्रीमती केसर मेश्राम की सुपुत्री तथा बिहारीलाल मेश्राम की पौत्री है। बचपन से ही मेधावी एवं अनुशासित रही भूमि ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।



### वेदांता बालको में 9 छात्राओं का चयन

**राजनांदगांव।** दिग्विजय महाविद्यालय की 9 छात्राओं का प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्था वेदांता बालको में पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी (पीजीटी) पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। चयनित छात्राओं को प्रारंभिक वार्षिक पैकेज 5.50 लाख रुपए प्रदान किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के दिशा-निर्देशन तथा कॉलेज के रोजगार एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं रसायन शास्त्र विभाग के अथक प्रयासों से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। चयनित छात्राओं में अंजू साहू, गिरिजा वर्मा, खिलेश्वरी, प्रांजलि साहू, पूर्णिमा साहू, रेशमा वर्मा, वीणा पटेल, यामिनी कुंभकार एवं अंकिता सोनवानी शामिल हैं। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने छात्राओं की इस सफलता पर बधाई देते भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत एवं लगन से कार्य करने की सलाह दी।



### लंबित योजना को लेकर समिति ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह के नगर आगमन पर श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन, उपाध्यक्ष हरजीत सिंह भाटिया, सचिव अमलेंदु हाजरा एवं संयोजक कचरू प्रसाद शर्मा ने स्पीकर हाउस में भेंट कर नगर की दो महत्वाकांक्षी योजनाओं के संबंध में ज्ञापन सौंपते विस्तारपूर्वक चर्चा की।
समिति के अध्यक्ष डॉ. जैन ने अपनी मांगों के संबंध में डॉ. रमन सिंह का ध्यानाकर्षण कराते कहा कि समिति की मांग पर उनके द्वारा शिवनाथ नदी मोहारा से ऑक्सीज़ोन भंवरमरा को जोड़ने हेतु लक्ष्मण झूला बनाने संबंधी योजना बजट में शामिल होने के बावजूद प्रशासकीय स्वीकृति के अभाव में योजना पर आगे कार्रवाई लंबित है। इसी प्रकार आक्सीजोन को पिकनिक स्पॉट बनाने संबंधी जिला पंचायत विभाग का प्रस्ताव स्वीकृति की प्रतीक्षा में राजस्व विभाग में लंबित है। डॉ. सिंह ने दोनों योजनाओं की स्वीकृति के लिए संबंधित विभागों को लिखने का आदेश दिया है।

### रजनी ने धमतरी में दी अपनी सेवाएं

**राजनांदगांव।** धमतरी गौरवपथ रोड स्थित अर्पिता स्पेशल एजुकेशन एंड स्पीच क्लास के तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य उन बच्चों को उचित मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करना था, जो तुतलाने, हकलाने, शब्दों का सही उच्चारण न कर पाने तथा ऑटिज्म जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। कार्यक्रम में अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ सहभागिता की। गौरतलब है कि वर्कशॉप में राजनांदगांव की प्रसिद्ध स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की। उन्होंने बच्चों की समस्याओं का परीक्षण कर अभिभावकों को आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही बच्चों के व्यवहार, भाषा विकास और संचार क्षमता को बेहतर बनाने कई उपयोगी सुझाव भी साझा किए।



## घुमका चुनाव को लेकर दलों ने प्रचार अभियान का किया आगाज

# भीषण गर्मी में चढ़ा सियासी पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पहली बार हो रहे घुमका के नगर पंचायत चुनाव को लेकर मौसम की तपिश के बीच सियासी पारा भी चढ़ने लगा है। भाजपा-कांग्रेस के अलावा आप प्रत्याशी ने भी प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। 46 डिग्री तापमान के बीच प्रत्याशी सहित दोनों दल के नेताओं ने मतदाताओं तक पहुंचने के लिए डोर-टू-डोर जनसंपर्क का तरीका अपनाया है।

यही कारण है कि महज तीन हजार मतदाताओं वाले इस नपं में चुनावी माहौल अपने चरम पर पहुंच गया है। वहीं दोनों ही प्रमुख दल अपने बड़े नेताओं की सभा को लेकर भी तैयारी में जुट गई है। बताया जा रहा है कि चुनावी प्रचार थमने से ठीक पहले ही सभा के आयोजन को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है। उल्लेखनीय है कि घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर आगामी एक जून को मतदान की प्रक्रिया होनी है। ऐसे में प्रचार का शोरगुल 30 मई को ही थम जाएगा। इससे पहले हर एक मतदाता तक पहुंचने में भाजपा और कांग्रेस ने अपनी ताकत लगा दी है, जहां तीनों नपं अध्यक्ष प्रत्याशी गली-गली घूमकर लोगों से आशीर्वाद मांग रही है। वहीं पार्षद चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भी एक-एक वोट की कीमत को देखते हुए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।





### बैज ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

चुनावी सरगर्मी के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज शनिवार को घुमका पहुंचे। देर शाम पहुंचे श्री बैज ने प्रत्याशियों के साथ ही घुमका के कार्यकर्ताओं एवं प्रभारी बनाए गए नेताओं की एक बैठक ली। इस बैठक में बैज ने प्रचार की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही एकजुट होकर चुनाव लड़ने की बात कही। बताया जा रहा है कि आगामी दिनों में एक सभा पूर्व सीएम भूपेश बघेल की भी घुमका में हो सकती है।

### मधु की टीम ने झोंकी ताकत

भाजपा ने घुमका चुनाव को लेकर महापौर मधुसूदन यादव को संचालक बनाया है। मधुसूदन अपनी टीम के साथ पिछले एक सप्ताह से घुमका में प्रचार का बागडोर संभाल रहे हैं। लोगों से मिलने के साथ ही हर वार्ड के प्रत्याशी एवं कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने का काम वे कर रहे हैं। बताया गया कि आगामी दिनों डिप्टी सीएम अरूण साव की एक सभा घुमका में आयोजित की जा सकती है।

### महज तीन हजार मतदाता

घुमका नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड है। वहीं मतदाताओं की संख्या भी तीन हजार के करीब है। ऐसे में वार्ड में औसतन मतदाताओं की संख्या दो सौ के करीब है। यही कारण है कि यहां हर एक वोट की कीमत अधिक हो जाती है। ऐसे में हर एक वोट को साधने के लिए रणनीति तैयार कर दोनों ही पार्टियां काम कर रही है। इनमें जातिगत वोट, युवाओं के वोट के साथ ही महिलाओं के वोट को साधने के लिए रणनीति बनाई जा रही है।

## ताश से दांव लगाकर जुआ खेलते पकड़े गए

**खैरागढ़।** एक स्कूल के पीछे एकत्र होकर कुछ लोग ताश पत्ती से रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चार आरोपियों को पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से कुल 2920 रुपए नगद जब्त किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला केसीजी पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना खैरागढ़ पुलिस टीम द्वारा 22 मई को वार्ड क्रमांक 12 अमलीपारा खैरागढ़ स्थित वेसलियन स्कूल के पीछे दबिश दी गई, जहां कुछ व्यक्ति अवैध रूप से 52 पत्ती ताश से रुपए-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेलते पाए गए।

पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मौके से आरोपी तिलक चंद्राकर 26 वर्ष, कुंदन साहू 21 वर्ष, रवि चंद्राकर, शुभम वर्मा खैरागढ़ को पकड़ा गया।

### नगदी रकम जब्त

पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से कुल नगदी रकम 2920 रुपए एवं जुआ संबंधी सामग्री जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना खैरागढ़ में धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

# अवैध परिवहन: जेसीबी सहित सात वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ खनिज विभाग की कार्रवाई

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव तहसील के ग्राम भर्रेगांव, खुटेरी, सुरगी, इंदामारा, भानपुरी, मोहारा तथा डोंगरगांव तहसील के ग्राम खुज्जी, मटिया, बगदई, परना, खुर्सीपार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान रेत एवं चूना पत्थर, गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर 4 हाईवा को जब्त किया गया। इसके तहत प्रशांत सिन्हा के स्वामित्व की हाईवा सीजी-08-एडब्ल्यू 2701 से वाहन चालक संजय साहू द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना सुरगी एवं मूलचंद्र चंद्राकर के स्वामित्व की हाईवा सीजी-24-यू-8885 से वाहन चालक मनीष कुमार द्वारा चूना पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया। दीपक सोनकर के स्वामित्व की हाईवा सीजी-05-एपी-3581 से वाहन चालक गोकुल धनकर एवं बिट्टू अग्रवाल के स्वामित्व की हाईवा सीजी-08-बीए-4631 से वाहन चालक रमेश पटेल द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना तुमड़ीबोड़ को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए लगातार गश्त व निगरानी की जा रही है।




### मुरूम का अवैध उत्खनन

निरीक्षण के दौरान अवैध रूप में मुरूम एवं चूना पत्थर गिट्टी खनिज का उत्खनन एवं परिवहन करने पर 1 जेसीबी, 2 हाईवा एवं 1 माजदा को जब्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया। इसके तहत खैरागढ़ निवासी किशोर पटेल के स्वामित्व की जेसीबी मशीन सीजी-08-बीए-2050 से वाहन चालक हरेन्द्र निषाद द्वारा मुरूम का अवैध उत्खनन करने एवं राजनांदगांव निवासी दुर्गेश देवांगन के स्वामित्व की हाईवा सीजी-08-एएन-4987 से वाहन चालक तोमन साहू द्वारा मुरूम का परिवहन करने तथा राजनांदगांव निवासी रोमील गोलछा के स्वामित्व की हाईवा सीजी-08-एबी-6714 से वाहन चालक विकास एवं अर्जुनी निवासी हरि साहू के स्वामित्व की माजदा सीजी-15-एसी-2651 से वाहन चालक सूरज कुमार द्वारा चूना पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया।






# पांच दिवसीय खाटू श्याम अमृत महोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर शहर के श्री खाटू धाम गायत्री विद्यापीठ परिसर केशर नगर में पांच दिवसीय श्याम भक्ति का अमृत महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। कल 25 से 29 मई तक आयोजित इस श्याम महोत्सव में प्रतिदिन भजन संध्या सहित विभिन्न आयोजन होंगे।

आयोजन की जानकारी देने के लिए समिति से जुड़े अमित खंडेलवाल, राजू डागा, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल सहित श्री खाटू श्याम लखदातार सेवा परिवार द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया इस दौरान हजारीलाल इंदौरिया भी उपस्थित रहे।

25 मई को सूरजगढ़ निशान यात्रा पहली बार राजनांदगांव शहर में देखने को मिलेगी। सूरजगढ़ दरबार राजस्थान से हजारीलाल इंदौरिया एवं उनकी टीम द्वारा यह निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शाम 5 बजे गायत्री मंदिर प्रांगण से निकलकर कामठी लाइन, भारतमाता चौक से तिरंगा चौक होते हुए रामाधीन मार्ग दाशी श्याम कुटीर सुरजन गली पहुंचेगी। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायक जस्सी सैनी एवं योगेश शर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति होगी।




### भजनों की होगी प्रस्तुति

आयोजन में 26 मई को भगवान लड्डू गोपाल एवं युगल सरकार का अभिषेक होगा। वहीं 26 से 28 मई तक शाम 4.30 से कथावाचक अर्पित भाई शर्मा श्याम चरित्र कथा पाठ करेंगे। कथा पश्चात प्रतिदिन रात्रि 8.30 बजे से भजन संध्या का आयजोन होगा। जिसमें दिल्ली से मयूर रस्तोगी अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। 28 मई को नागपुर से पंकज उपाध्याय, आकाश यादव, गणेश शर्मा भजन प्रस्तुत करेंगे। होंगे। 29 मई को कथा विराम के साथ पूर्णाहुति होगी। वहीं श्री श्याम रसोई महाप्रसादी का वितरण रात्रि 8 बजे से किया जाएगा।

## क्रेस्ट कंपनी के खिलाफ जारी आंदोलन

# मजदूरों का किया जा रहा शोषण: छमुमो

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जोरातराई में संचालित क्रेस्ट कंपनी में चल रहे आंदोलन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेस करते छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा द्वारा कहा गया कि पिछले 22 वर्षों से क्रेस्ट कंपनी संचालित है। जिसमें 600 श्रमिकों के अलावा स्टाफ, एम्पलाई आदि मिलाकर कुल 800 कर्मचारी कार्यरत हैं। उनमें से 600 श्रमिकों में से कुशल, अर्द्धकुशल श्रेणी अनुसार मात्र 90 मजदूरों का वर्गीकरण किया गया। बाकी मजदूरों का वर्गीकरण नहीं किया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस करते छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भीमराव बागड़े ने कहा कि फैक्ट्री में हर मजदूर को प्रतिमाह 1300 से 1500 और किसी-किसी को 2000 रुपए कम भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन के श्रम विभाग में दिए गए मांग पत्र पर पिछले 7 महीने से बैठक जारी है। श्रम विभाग श्रम कानून का पालन नहीं करा रहा है, इसलिए सभी मजदूर अपने मशीनों में काम नहीं कर रहे हैं और बीते 11 दिनों से कंपनी के अंदर एवं कंपनी के बाहर आंदोलन पर बैठे हुए हैं। मैनेजमेंट द्वारा कंपनी की बैलेंस शीट श्रम विभाग में अभी तक प्रस्तुत नहीं की गई है। जिससे वेतन बढ़ोत्तरी तथा बोनस का निर्धारण नहीं हो पा रहा है और मजदूरों का शोषण किया जा रहा है।





### मैनेजमेंट बना रहा दबाव

प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाते बताया गया कि मजदूरों के आंदोलन को खत्म करने के लिए मजदूरों से मारपीट कराने बाहरी लोगों को शराब पिलाकर दो नंबर गेट से लाया था। पुलिस को सूचना देने पर पुलिस अधिकारियों द्वारा उन बाहरी लोगों का फोटो भी लिया गया तथा उन्हें वापस भेजा गया। मैनेजमेंट द्वारा मजदूरों में मारपीट कराकर मजदूरों की मांगों को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है।

### मांगा जाएगा जनसमर्थन

आंदोलनरत मजदूरों द्वारा अपनी मांगे पूरी नहीं होता देख अब जनसमर्थन जुटाने की तैयारी की जा रही है। श्रमिकों द्वारा आम नागरिकों से समर्थन मांगने परिवार सहित रैली निकाली जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेस में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व एक्टू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भीमराव बागड़े, महासचिव पुनाराम साहू, अनिल डड़सेना, मन्नूलाल, खिलेश्वर साहू, परमेश्वर साहू, कमलेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## समस्या: कीचड़, काई व मच्छरों से वार्डवासी परेशान, चलना हुआ मुश्किल

# सारंगपुर खुर्द के ठाकुर पारा की गलियों में बह रही भारी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिला मुख्यालय कवर्धा से लगभग 11 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द के वार्ड क्रमांक 6 ठाकुर पारा की गलियां बदहाल स्थिति में पहुंच गई हैं। कच्ची गलियों में कीचड़, गंदगी और काई जमने से लोगों का चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गलियों की हालत गंदे नाले जैसी हो चुकी है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों के अनुसार ठाकुर पारा की तीनों गलियों में सीसी रोड और नाली निर्माण की लंबे समय से मांग की जा रही है। बारिश नहीं होने के बावजूद गलियों में दलदल जैसी स्थिति बनी हुई है। जगह-जगह पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है।

रात के समय लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं बुजुर्ग किनारे-किनारे चलने को मजबूर हैं। जिस पर ग्रामीण रहवासी गजानंद सिंह ठाकुर, विनोद गंधर्व, भरत सिंह ठाकुर और कृष्ण कुमार ठाकुर ने बताया कि वार्ड क्रमांक 6 की तीन गलियों के निर्माण के लिए 6 लाख रुपए से अधिक की राशि करीब एक साल पहले स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उनका आरोप है कि स्वीकृति की फाइल जनपद और जिला पंचायत कार्यालयों में दबकर रह गई है, जिसके कारण विकास कार्य अधर में लटका हुआ है। वहीं ग्रामीणों ने कलेक्टर एवं उप मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप कर जल्द सीसी रोड और नाली निर्माण कराने की मांग की है, ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

### स्वीकृति के बाद भी शुरू नहीं हुआ निर्माण



ग्रामीणों ने बताया कि ठाकुर पारा की तीन गलियों के लिए 6 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। लोगों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# राइस मिल में चोरी के 5 आरोपी गिरफ्तार, चोरी का चावल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाही करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के थाना कवर्धा क्षेत्रांतर्गत स्थित हाडा एग्रो राईस मिल में हुई चोरी के मामले में कबीरधाम पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाही करते हुए 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया चांवल बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, अमित पटेल तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना कवर्धा पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से विवेचना की गई।

प्रार्थी विक्की अग्रवाल निवासी राजेन्द्र नगर ग्राम सगौना थाना कवर्धा द्वारा थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम हरिनछपरा औद्योगिक नगर स्थित उनके हाडा एग्रो राईस मिल में रखे चांवल के ढेर में कमी प्रतीत होने पर प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया। जांच के दौरान दिनांक 08-09 मई की मध्य रात्रि लगभग 02:48 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा सीसीटीवी कैमरा बंद करते एवं पुनः 03:35 बजे चालू करते हुए दिखाई दिया। जांच में पाया गया कि अज्ञात आरोपी द्वारा रात्रि के समय राईस मिल परिसर में घुसकर लगभग 35-40 कट्टा चांवल चोरी कर ले जाया गया।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कवर्धा में आरोपियो के विरूद्ध अपराध क्रमांक 200/2026 धारा 305 (1), 331 (4) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान राईस मिल के पूर्व हमालों एवं संदेहियों से गहन पूछताछ की गई। तकनीकी एवं तथ्यात्मक जांच तथा मेमोरेण्डम कथन के आधार पर आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया, 30 कट्टा चांवल बरामद किया गया। पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों को 22 मई को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को दी गई। प्रकरण की विवेचना अभी प्रचलित है तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु भेजा गया है। जिसमें आरोपी बिसेन नेताम पिता सुखचंद नेताम आयु 19 वर्ष निवासी ग्राम कूबा (बैरागपारा) थाना पण्डरिया, हीरादास बंजारे पिता दाऊराम आयु 22 वर्ष निवासी ग्राम सिंघनपुरी, संजय चन्द्रवंशी पिता संतोष चन्द्रवंशी आयु 29 वर्ष निवासी ग्राम कंझेटा व रवि धुर्वे पिता गणेशराम धुर्वे आयु 26 वर्ष निवासी ग्राम घुक्सा तथा मोतीराम मरकाम पिता चतुर सिंह मरकाम आयु 26 वर्ष निवासी ग्राम कुटेली को गिरफ्तार किया गया।

# पशु-पक्षी व गौ-माता के लिए वरदान साबित हो रहा विशाल बरगद का पेड़

- पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण का संदेश भी मिल रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पथरी स्थित पूर्व प्राथमिक शाला भवन भले ही जर्जर होने के कारण बंद हो चुका है, लेकिन उसी स्कूल परिसर में वर्षों पहले लगाया गया विशाल बरगद का पेड़ आज गौ-माता के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रहा है। गांव के बुजुर्गों द्वारा लगाए गए इस बरगद के पेड़ की घनी छांव में रोजाना गायों का झुंड सुबह से शाम तक आराम करता नजर आता है।

भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच यह पेड़ पशुओं को ठंडक और सुरक्षित स्थान प्रदान कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिसने भी वर्षों पहले इस बरगद के पेड़ को लगाया होगा, उसने आने वाली पीढ़ियों और जीव-जंतुओं के लिए बड़ा पुण्य का काम किया है। आज यही पेड़ इंसानों के साथ-साथ बेजुबान पशुओं के भी काम आ रहा है। बरगद के नीचे बैठी गायों को देखकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण का संदेश भी मिल रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, ताकि भविष्य में वह किसी न किसी जीव के काम आ सके। आज कड़ी धूप और बढ़ती गर्मी के दौर में यह विशाल बरगद का पेड़ गांव में प्रकृति की अमूल्य देन बना हुआ है।

# श्रीकृष्ण-विवाह एवं सुदामा चरित्र की कथा सुन भावुक हुए श्रद्धालु

- श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा सुनने पहुंच रहे ग्रामीण जन, क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

धर्म नगरी ग्राम कोलेगांव में पवित्र पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे हैं। पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और चारों ओर राधे-राधे की गूंज सुनाई दे रही है।

कथा व्यास ने बड़े ही भावपूर्ण अंदाज में श्रीकृष्ण विवाह एवं सुदामा चरित्र का वर्णन किया। सुदामा चरित्र की मार्मिक कथा सुनकर कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा के दौरान बताया गया कि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मणी भगवान श्रीकृष्ण के गुणों और पराक्रम से अत्यंत प्रभावित थीं और उन्हें ही अपने पति के रूप में स्वीकार कर चुकी थीं। लेकिन उनके भाई रुक्मणी ने शिशुपाल से विवाह कराने का निर्णय लिया था। तब रुक्मणी ने श्रीकृष्ण को गुप्त संदेश भेजकर सहायता मांगी। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण कुण्डिनपुर पहुंचे और रुक्मणी का हरण कर उन्हें द्वारिका ले गए।



वहीं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने बताया कि सुदामा भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र और अत्यंत निर्धन ब्राह्मण थे। गरीबी से परेशान होकर पत्नी के आग्रह पर वे द्वारिका पहुंचे। वहां भगवान श्रीकृष्ण ने अपने मित्र का अत्यंत प्रेम और सम्मान से स्वागत किया तथा सुदामा के चरण धोकर मित्रता और भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

कथा में बताया गया कि भगवान केवल सच्ची भक्ति और प्रेम देखते हैं, धन-दौलत नहीं। सुदामा द्वारा लाए गए चांवल के दानों के बदले श्रीकृष्ण ने उन्हें अपार सुख-समृद्धि प्रदान की। श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के मुख्य यजमान श्रीमती अतुल शर्मा विराजमान है।

# 31 हजार से अधिक संग्राहकों ने जुटाए 39 हजार 9777.515 मानक बोरा तेंदूपत्ता

## लक्ष्य से आगे निकला तेंदूपत्ता संग्रह, 3.99 लाख मानक बोरा जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य इस वर्ष रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। भीषण गर्मी के बीच जंगलों में मेहनत कर रहे हजारों संग्राहकों की मेहनत का परिणाम यह रहा कि जिले में संग्रहण प्रतिशत 99.69 फीसदी तक पहुंच गया, जबकि कई समितियों ने लक्ष्य से अधिक तेंदूपत्ता जमा किया। जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कवर्धा से मिली जानकारी के अनुसार जिले में निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले अधिक तेंदूपत्ता संग्रहित किया गया है। जिले में कुल 269 फड़ के तहत तेंदूपत्ता खरीदी की गई।

जिले के लिए इस वर्ष 40 हजार 1000 मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके मुकाबले अब तक 39 हजार 9777.515 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित किया जा चुका है। वहीं विगत वर्ष इसी अवधि में जिले में 39 हजार 6033.370 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित हुआ था।

इस तरह इस वर्ष संग्रहण में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में जिलेभर के ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी भागीदारी निभाई। कुल 31 हजार 306 संग्राहकों ने तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य किया। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नकदी प्रवाह बढ़ा है और हजारों परिवारों को रोजगार मिला है।

### अब तक 3.66 करोड़ का भुगतान



तेंदूपत्ता संग्रहण के एवज में संग्राहकों को अब तक करोड़ों रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है। 5500 प्रति मानक बोरा की दर से संग्रहकों द्वारा अब तक 21 करोड़ 98 लाख 76 हजार 332 रुपए के तेंदूपत्ता बिक्री कर चुके हैं। इसके एवज में संग्रहकों को अब तक 3 करोड़ 66 लाख 49 हजार 651 रुपए का भुगतान ऑनलाइन और ऑफ लाइन माध्यम से किया गया है। भुगतान प्रतिशत 16.67 फीसदी दर्ज किया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शेष भुगतान प्रक्रिया भी तेजी से जारी है।

### कई प्राथमिक वनोपज समितियों ने लक्ष्य से अधिक किया संग्रहण

वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि जिले की कई प्राथमिक वनोपज समितियों ने इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहित किया है। इनमें खारा समिति 102.41 प्रतिशत, खड़ौदा समिति 115.34, मोतिमपुर समिति 111.96, कोयलारझोरी समिति 102.33, पांडातराई समिति 100.68, कुंडा समिति 113.57, बोड़ला समिति 116.51, दशरंगपुर समिति 104.96, बम्हनी समिति 103.59, चिल्फी समिति 106.99, गोपालपुर समिति 105.36 जैसी समितियां शामिल हैं जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य से अधिक संग्रहण कर बेहतर प्रदर्शन किया।

# रेगिस्तान के जहाज ऊंट पहुंचे ग्रामीण क्षेत्र, देखने उमड़ रही लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बसनी-कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों राजस्थान से आए ऊंट लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। रेगिस्तान में हेलीकॉप्टर जैसी तेज चाल से चलने वाले ऊंट अब छत्तीसगढ़ के गांवों में चारा और पानी की तलाश में घूमते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ऊंट बहुत कम देखने को मिलते हैं, इसलिए जैसे ही गांव में ऊंटों का डेरा पहुंचता है, उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी उत्सुकता के साथ ऊंटों को नजदीक से देखने पहुंच रहे हैं।

बताया जा रहा है कि राजस्थान से आए ये ऊंट इन दिनों गांव-गांव और खेत-खलिहान में घुमाए जा रहे हैं, जहां उन्हें चारा खिलाया जा रहा है। सुबह से शाम तक ऊंटों को ग्रामीण इलाकों में चराया जाता है। अपने विशाल राज्य राजस्थान को छोड़कर अब ये ऊंट छत्तीसगढ़ के कई ग्रामीण जिलों में अस्थायी रूप से डेरा जमाए हुए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले केवल तस्वीरों या टीवी में ऊंट देखे थे, लेकिन अब पहली बार इतने करीब से देखने का अवसर मिल रहा है। ऊंटों के साथ लोग फोटो खिंचवा रहे हैं और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### रेगिस्तान के जहाज ऊंट पहुंचे क्षेत्र में ...



**कोलेगांव।** ग्राम बसनी-कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों राजस्थान से आए ऊंट लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।


**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 16/2025
पेशी तारीख - 15/06/2026
प्रोसेस नंबर-244/2026

गणेश सत्यवंशी वगैरह-------------------आवेदक
बनाम
श्रीमती मनीषा वगैरह----------------अनावेदकगण

बनामः- 01. कु. डेनिशा सत्यवंशी आ० राधेश्याम सत्यवंशी उम्र-30 वर्ष
02. कु. तनिशा सत्यवंशी आ० राधेश्याम सत्यवंशी उम्र-24 वर्ष
03. कु. देवकमारी सत्यवंशी आ० राधेश्याम सत्यवंशी उम्र-09 वर्ष
04. कु. चित्रांशी सत्यवंशी आ० राधेश्याम सत्यवंशी उम्र 12 वर्ष,
05. कु. देविका सत्यवंशी आ० राधेश्याम सत्यवंशी उम्र-16 वर्ष
क्रमांक-03, 04, 05 अवयस्क द्वारा संरक्षिका बड़ी बहन कु. डेनिशा सत्यवंशी, आ० राधेश्याम सत्यवंशी सभी निवासी ग्राम बोड़ला, थाना व तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम छ.ग.
06. शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा बोड़ला, तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम छ.ग.
07. आम जनता (जिस किसी का इससे संबंध हो)

क्योंकि आवेदकगण ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 15.06.2026 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज तारीख 15 माह 05 सन 2026 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

**टीप-** यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

मुहर
(कु. रूचिता अग्रवाल)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,
जिला कबीरधाम छ.ग.

**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 16/2025
पेशी तारीख - 15/06/2026
प्रोसेस नंबर-243/2026

गणेश सत्यवंशी वगैरह-------------------आवेदक
बनाम
श्रीमती मनीषा वगैरह----------------अनावेदकगण

बनामः- 01. कु. डेनिशा सत्यवंशी आ० राधेश्याम सत्यवंशी उम्र-30 वर्ष
02. कु. तनिशा सत्यवंशी आ० राधेश्याम सत्यवंशी उम्र-24 वर्ष
03. कु. देवकमारी सत्यवंशी आ० राधेश्याम सत्यवंशी उम्र-09 वर्ष
04. कु. चित्रांशी सत्यवंशी आ० राधेश्याम सत्यवंशी उम्र 12 वर्ष,
05. कु. देविका सत्यवंशी आ० राधेश्याम सत्यवंशी उम्र-16 वर्ष
क्रमांक-03, 04, 05 अवयस्क द्वारा संरक्षिका बड़ी बहन कु. डेनिशा सत्यवंशी, आ० राधेश्याम सत्यवंशी सभी निवासी ग्राम बोड़ला, थाना व तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम छ.ग.
06. शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा बोड़ला, तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम छ.ग.
07. आम जनता (जिस किसी का इससे संबंध हो)

क्योंकि आवेदकगण ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 15.06.2026 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज तारीख 15 माह 5 सन 2026 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

**टीप-** यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

मुहर
(कु. रूचिता अग्रवाल)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,
जिला कबीरधाम छ.ग.

**// नाम परिवर्तन //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रितेश जैन पिता स्व. श्री रेखचंद जैन, निवासी रूपेश वस्त्रालय के पिछे, मेन रोड कवर्धा, जिला कबीरधाम पिन 491995 छ.ग. यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम रितेश कुमार जैन पिता स्व. श्री रेखचंद जैन रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम रितेश कुमार जैन पिता स्व. श्री रेखचंद जैन से ही जाना पहचाना जावें।

शपथकर्ता
(रितेश कुमार जैन)
कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)


# हाइपरटेंशन माह अभियान के तहत जिले में एनसीडी स्क्रीनिंग कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में हाइपरटेंशन माह अभियान के तहत गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टोरेट कार्यालय और 17वीं वाहिनी बटालियन सरेखा में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों की समय पर पहचान कर लोगों को जागरूक करना है। कलेक्टोरेट कार्यालय में टीएल बैठक के बाद आयोजित शिविर में कुल 83 अधिकारी-कर्मचारियों की जांच की गई, जिनमें 11 लोग उच्च रक्तचाप और 8 लोग मधुमेह से प्रभावित पाए गए। वहीं 17वीं वाहिनी बटालियन सरेखा में आयोजित शिविर में 87 अधिकारी-कर्मचारियों की जांच हुई, जिसमें 14 लोग उच्च रक्तचाप और 8 लोग मधुमेह से पीड़ित पाए गए। शिविरों में केवल ब्लड प्रेशर और शुगर ही नहीं, बल्कि मलेरिया, सिकल सेल और हीमोग्लोबिन की भी जांच की गई।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### डीपीएड का परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** छग माशिमं द्वारा आयोजित डीपीएड परीक्षा वर्ष-2026 प्रथम वर्ष का परिणाम जारी कर दिया गया है। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। संबंधित परीक्षार्थी अपना रोल नंबर एंट्री कर परीक्षाफल प्राप्त कर सकते हैं।

## निधन

### सावित्री मिश्रा



**कवर्धा।** कालिका नगर निवासी स्वर्गीय आरके मिश्रा (सेवा निवृत्त (इंस्पेक्टर) की धर्मपत्नी श्रीमती एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक संतोष मिश्रा, दिनेश मिश्रा (पप्पू), राजेंद्र मिश्रा एवं राकेश मिश्रा (आशु) की मां सावित्री मिश्रा का रविवार की सुबह 85 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। श्रीमती मिश्रा के निधन पर परिजनों एवं शुभचिंतकों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। दिवंगत का अंतिम संस्कार रविवार को ही स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों, परिजनो व शुभचिंतकों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की।

## समस्या: चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले हाईवे पर बढ़ा हादसों का खतरा

# चिल्फी से जोराताल तक एनएच-30 में अंधेरा, 3 माह से बिजली बंद


हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे-30 पर चिल्फी घाटी से कवर्धा के जोराताल जंक्शन तक का सफर रात के समय बेहद जोखिमभरा हो गया है। करीब 50 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर 9 प्रमुख स्थानों की 150 से अधिक स्ट्रीट लाइटें पिछले तीन महीने से बंद पड़ी हैं।

अंधेरे में डूबे हाईवे पर वाहन चालकों, बस यात्रियों और पर्यटकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेज रफ्तार भारी वाहनों की आवाजाही के बीच दुर्घटना की आशंका भी लगातार बढ़ती जा रही है। बताया जाता है कि यह स्थिति विद्युत कनेक्शन काटे जाने के बाद उत्पन्न हुई है। जिसकी तरफ शासन-प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार स्ट्रीट लाइट संचालन का ठेका मार्च 2026 में समाप्त होने के बाद बिजली कंपनी ने संबंधित स्थानों के बिजली कनेक्शन काट दिए हैं और मीटर भी हटा लिए हैं। जानकारी यह भी मिली है कि हाईवे निर्माण कंपनी टॉपवर्थ इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने स्ट्रीट लाइट संचालन की जिम्मेदारी लोढ़ा फर्म को सौंपी थी। टेंडर अवधि समाप्त होने के बाद विभागीय समन्वय नहीं होने से अब पूरी सड़क अंधेरे में डूब चुकी है।

जिससे रात के अंधेरे में इस चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले नेशनल हाईवे 30 से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना तो करना ही पड़ रहा है साथ दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी हुई है।



### शिकायतों के बाद कार्यवाही शून्य

चिल्फी के स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार शासन-प्रशासन और विद्युत विभाग के नुमाईदों से शिकवा शिकायत की जा चुकी है लेकिन लगभग तीन माह बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जिससे समझा जा सकता है कि शासन-प्रशासन आम लोगों की समस्याओं के प्रति कितना गंभीर है। हैरानी की बात तो यह है कि एनएच-30 पर बोड़ला के मुड़ियापारा स्थित टोल प्लाजा से वाहन चालकों से प्रतिदिन लाखों रुपए का टोल टैक्स वसूला जा रहा बावजूद इसके नेशनल हाईवे में विद्युत सुविधा गायब है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

### पूरी रात फर्राटे भरते है वाहन

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले से गुजरने वाला नेशनल हाईवे 30 चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला मार्ग है जो छत्तीसगढ़ को अन्य राज्यों से जोड़ता है। जिसके चलते इस मार्ग में दिन के साथ रातभर सैकड़ों यात्री के साथ माल वाहक वाहन फर्राटे भरते हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि जिले के अंतिम छोर चिल्फीघाटी से लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे ग्राम जोराताल तक एनएच की स्ट्रील लाइट बंद पड़ी हों तो क्या स्थिति होगी।

# नगर पंचायत बोड़ला में गहराया पेयजल संकट



- नगर के सरकारी नल उगल रहे गंदा और दूषित पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला में भीषण गर्मी के बीच जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। एक ओर जहां कई वार्डों में पेयजल की भारी किल्लत बनी हुई है, वहीं वार्ड क्रमांक 09 के रहवासियों को नलों से गंदा और मटमैला पानी मिलने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नलों से निकल रहा पानी पीने योग्य नहीं है। मटमैले और दूषित पानी के कारण लोगों में बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। मजबूरी में नागरिक इसी पानी का उपयोग करने को विवश हैं। भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से आम जनता की मुश्किलें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। पंचायत द्वारा वार्ड क्रमांक 09 में टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है, लेकिन बढ़ती जरूरतों के सामने यह व्यवस्था ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है।

कई क्षेत्रों में लोगों को घंटों पानी का इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि कुछ मोहल्लों में पर्याप्त मात्रा में पानी भी नहीं पहुंच पा रहा है। नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द समस्या का स्थायी समाधान करने, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

# जिले के खिलाड़ियों का प्रतियोगिता में दबदबा

## लोहारा ब्लॉक ने जीते 5 गोल्ड



- स्टेट मात्सोगी-डो फेडरेशन कप प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राजधानी रायपुर के मठपुरैना स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में आयोजित 9वीं छत्तीसगढ़ स्टेट मात्सोगी-डो फेडरेशन कप 2026 में कबीरधाम जिले के लोहारा ब्लॉक के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया।

राज्यभर से पहुंचे प्रतिभागियों के बीच खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल, अनुशासन और मेहनत के दम पर कुल 8 पदक हासिल किए। इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी और गौरव का माहौल है। प्रतियोगिता में लोहारा ब्लॉक के खिलाड़ियों ने 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गोल्ड मेडल जीतने वालों में सीता साहू छोटूपारा, लोहारा, कविता मरकाम सोनपुर, छत्रपाल मेरावी नवापारा, लोहारा और रविंद्र चंद्रवंशी रूसे, कवर्धा शामिल रहे।

खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रतियोगिता में सराहना की गई। सिल्वर मेडल विजेताओं में सीमा साहू खोलवा और ट्रामिका धुर्वे (सरोधी) ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। वहीं खेमबाई धुर्वे (सारी, लोहारा) ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले को गौरवान्वित किया।

### प्रशिक्षकों की मेहनत रंग लाई

खिलाड़ियों की सफलता में कोच टिकेश्वरी साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सीनियर कोच राजेश कुमार मेरावी एवं ऐशकुमार साहू ने खिलाड़ियों को लगातार प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं सहयोगी कोच अरबाज बेग मिर्जा ने भी खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन में अहम योगदान दिया।

### जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडे ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी आज राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यही खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कबीरधाम जिले को नई पहचान दिलाएंगे। वहीं लोहारा राज के राजा खड़ग सिंह राज एवं रानी आकांक्षा देवी सिंह ने भी विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्षेत्र के युवा लगातार खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे कबीरधाम जिले में उत्साह और गर्व का माहौल है।

# 43 डिग्री की भीषण गर्मी सेहत पर पड़ रही भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल है और लोग इस गर्मी से बचने तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं लेकिन मौसमी उथल पुथल के बीच लोगों द्वारा किए जा रहे ये उपाय उनकी सेहद पर ही भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। नतीजतन प्रतिदिन दर्जनो मरीज निजी चिकित्सालय से लेकर शासकीय चिकित्सालय में अपनी पीड़ा लेकर पहुंच रहे है।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों भीषण गर्मी तथा उमस के बीच तापमान करीब 43 डिग्री के पार पहुंच गया है। लोग इस गर्मी से राहत पाने तरह-तरह के उपाय कर रहे है। शीतल पेय, बर्फ, आईसक्रीम का बेजा उपयोग किया जा रहा है। जिसका दुष्प्रभाव सबसे अधिक बच्चों पर देखने मिल रहा है और वे सर्दी खासी, उल्टी दस्त, लू, सनपात जैसी मौसमी बीमारी के शिकार हो रहे है। वैसे इन दुष्प्रभावों से बड़े बुजुर्ग भी अछूते नहीं हैं। स्थानीय चिकित्सकों ने मौसमी बीमारी से बचने के लिए खान पान में खासी सावधानी बरतने की हिदायत दी है।

साथ ही धूप में निकलने से पहले पानी पीने, कान बांधने, भूखे पेट न रहने, धूप से आकर सीधे कूलर व एसी रूम में न जाने तथा यहां से निकलकर सीधे धूप में न जाने की सलाह दी है। इसके अलावा दोपहर भोजन में कच्चा प्याज व कच्चे आम का पना, जलजीरा का सेवन प्रतिदिन करने की बात भी कही है। उन्होंने कहा कि, इन नियमों का पालन करने से गर्मी में होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही चिकित्सकों ने बीमारी की दशा में लापरवाही न बरतने की हिदायत देते हुए तत्काल उपचार कराने की सलाह दी है।



# एथलीन व कार्बेट जैसे केमिकल से पकाया जा रहा फलों का राजा आम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इन दिनो नगर के बाजार में फलों के राजा आम की बहार है। फल दुकानो में अलग-अलग वैराइटी के दशहरी, सफेदा, चौंसा, कलमी, नीलम से लेकर केसरी और अन्य कई किस्मो के आम सौ से दो सौ रूपए प्रति किलो प्रति के भाव में बिक रहे हैं जिनकी लोगों द्वारा खूब खरीदी भी की जा रही है। दशहरी आम का स्वाद और उसकी मिठास खाने वालों को अपना मुरीद बना देती है।

यही वजह है कि आम खाने के शौकीन लोग पूरे साल गर्मियों का इंतजार करते है। आम स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद फल है, इसमें विटामिन सी, डी के अलावा कई पौषक तत्व होते हैं। लेकिन आम के ये गुण खाने वालों को तभी मिल पाते हैं जब वह प्राकृतिक रूप से पका हुआ हो। तो सवाल यह उठता है कि क्या इस समय बाजार में जो आम बिक रहे हैं वह प्राकृति रूप से नहीं पके हैं। सूत्रों की माने तो इस बात पर आशंका जताई जा रही है कि बाजार में बिक रहे ज्यादा तर आमो को कृतिम रूप से एथलीन और कार्बेट जैसे केमिकल लगाकर पकाया जा रहा है जो लोगों की सेहद के लिए बेहद खतरनाक है।

जानकारों का मानना है कि एथलीन और कार्बेट जैसे केमिकल लगाकर पकाए गए आमों के सेवन से कैंसर जैसी बीमारी हो सकती है। दुर्भाग्य का विषय है कि इस और जिला खाद्य विभाग भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है और नगर में इस तरह के खतरनाक कैमिकल से पकाए गए आम तथा दूसरे फल धड़ल्ले से बेंचे जा रहे हैं।

इनके लोगों की सेहद पर घातक परिणामों को देखते हुए बेहतर होगा कि प्रशासन तथा खाद्य विभाग इसकी सुध ले और फलों की जांच कराए।

## विधायक भावना बोहरा ने किया जन संवाद...



**रणवीरपुर।** जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय), रणवीरपुर में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उसके समाधान हेतु सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनसंवाद से हर क्षेत्र की प्रगति व उन्नति के बेहतर सुझाव एवं समाधान प्राप्त होते हैं। आज इस केंद्र के माध्यम से हम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, दुविधाओं और परेशानियों को दूर करने निरंतर प्रयास कर रहें हैं।

## तालाबों के व्यवसायिक उपयोग के चलते गायब हो गया ढेंस कांदा का स्वाद

# लोगों का मनपसंद ढेंस कांदा पहुंच से हो रहा दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गांवों के तालाबों की पहचान माने जाने वाले कमलकंद अब धीरे-धीरे अंचल से खत्म होते जा रहे हैं। इसके साथ ही लोगों की पसंदीदा और पौष्टिक सब्जी मानी जाने वाली ढेंस कांदा भी अब दुर्लभ होती जा रही है।

तालाबों के बढ़ते व्यावसायिक उपयोग और मछली पालन के विस्तार ने प्राकृतिक संतुलन को प्रभावित किया है, जिससे कमलकंद का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। इसका असर न केवल तालाबों की सुंदरता और जल संरक्षण पर दिख रहा है, बल्कि ग्रामीणों की पारंपरिक खानपान संस्कृति भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीण बुजुर्ग बताते हैं कि पहले लगभग हर गांव के तालाब में कमलकंद प्रमुखता से पाया जाता था।

यह तालाबों की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ विपरीत मौसम में भी उन्हें सूखने से बचाने में मददगार साबित होता था। कमलकंद की वजह से तालाब का पानी स्वच्छ और संतुलित बना रहता था। वहीं कमल की डंडी यानी ढेंस कांदा का उपयोग ग्रामीण स्वादिष्ट सब्जी के रूप में करते थे, जिसे काफी पौष्टिक माना जाता है।

### कुछ ही तालाबों से निकल रहा कमलकंद



समय के साथ तालाबों का स्वरूप बदलता गया। शासन की योजनाओं के तहत तालाबों को लीज पर देकर बड़े पैमाने पर मछली पालन शुरू किया गया, जिसके चलते कमलकंद धीरे-धीरे समाप्त होने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि तालाबों को पूरी तरह व्यावसायिक उपयोग में बदल देने से उनकी प्राकृतिक संरचना प्रभावित हुई है। इसका परिणाम यह है कि गर्मी की शुरुआत में ही कई तालाब सूखने लगते हैं और अंत तक फट जाते हैं। इसका खामियाजा केवल ग्रामीणों को ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं को भी भुगतना पड़ रहा है। हालांकि विकासखंड बोड़ला के बैजलपुर, भोरमेदव, पंडरिया विकास खण्ड के कुछ तालाब आज भी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और कमलकंद की मौजूदगी के कारण लोगों को आकर्षित कर रहे है। भीषण गर्मी में भी इस तालाब में साफ और निर्मल पानी के साथ कमल के फूलों की मनमोहक छटा दिखाई देती है। यहां ग्रामीणों को ढेंस कांदा भी मिल जाता है, जो अब अंचल में बेहद कम देखने को मिलता है।

### तालाबों के संरक्षण की जरूरत

ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि तालाबों के संरक्षण और जलस्तर बनाए रखने में कमलकंद की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि अब एक बार फिर तालाबों में कमलकंद को संरक्षित और विकसित करने की जरूरत महसूस की जा रही है, ताकि जलस्रोतों का प्राकृतिक संतुलन और ग्रामीण परंपराएं दोनों सुरक्षित रह सकें।

# डड़सेना कलार समाज के चुनाव में भरत लाल चुने गए जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

डड़सेना कलार समाज के जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कवर्धा परिक्षेत्र के अध्यक्ष पद का निर्वाचन माँ नर्मदा के पवित्र धाम ग्राम झिरना में सम्पन्न हुआ।

दोनों प्रत्याशियों के मध्य तगड़े मुकाबले में भरत लाल सिन्हा ने अपने निकटतम प्रत्यशी छगेश कुमार जायसवाल से मात्र 3 मतों से मात देकर विजयश्री प्राप्त की । विजय उम्मीदवार भरत लाल सिन्हा को समाज का 46 मत एवं छगेश कुमार जायसवाल को 43 मत हासिल हुए । मतदान में कवर्धा परिक्षेत्र के 40 ग्राम के सामाजिक आजीवन संरक्षक और आजीवन सदस्यों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।



जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में विजय प्रत्यासी का पुष्पमाला से अभिनन्दन किया गया।

इस निर्वाचन की प्रमुख विशेषता रही की दोनों प्रत्यशियों ने गले मिल कर आपसी तालमेल और सामंजस्य से समाज की सेवा करते हुए समाज हित मे ही काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष रूपेश जायसवाल ने भी सम्बोधित करते हुए सामाजिक एकता , संगठन की मजबूती और एकजुट होकर समाज सेवा की बात पर जोर दिया।

समाज के इस सामाजिक निर्वाचन को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में रामकुमार सिन्हा, शिवकुमार जायसवाल, गजेंद्र जायसवाल, पुनाराम सिन्हा, लाला जायसवाल और कुम्भकरण, निर्वाचन व्यवस्था प्रभारी राजेश जायसवाल, लाला जायसवाल, दशरथ , कुंजू संतोष, रोहित, मनोज, मोहन, सहित समस्त पिपरिया के सामाजिक गणों ने अपना योगदान दिया।